चन्द्र प्रकाश मीणा
अपर निदेशक
Chandra Prakash Meena
Additional Director

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
संसदीय कार्य,
राजभाषा एवं संगठन पद्धति निदेशालय
399, डी आर डी ओ भवन, राजाजी मार्ग
नई दिल्ली-110011

Government of India
Ministry of Defence
Defence R&D Organisation
Directorate of Parliamentary Affairs,
Rajbhasha and Organisation & Methods
399, DRDO Bhawan, Rajaji Marg
New Delhi-110011

संकारासंपनि/02/33337/मु/01

**निदेशक**
**संगठन/विश्वविद्यालय/कार्यालय**

**विषय: डीआरडीओ मुख्यालय द्वारा द्वितीय अखिल भारतीय तकनीकी राजभाषा सम्मेलन-'उन्मेष-2025' का आयोजन।**

## "सतत् विकास के लिए विज्ञान"
## "Science for Sustainable Development"

राष्ट्रीय ध्वज के समान राजभाषा भी राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है। किसी भी देश की संपूर्ण अभिव्यक्ति उसकी अपनी भाषा में अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर पाती है। राजभाषा हिंदी इस दायित्व को पूरा करने में पूरी तरह से सक्षम व समर्थ है। साथ ही हमारा देश बहुत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और इस विकास में भाषा और विज्ञान दोनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विज्ञान का उद्देश्य सामान्य जनता के हित में ज्ञान का विकास करना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों को इस बात की ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है कि ये वैज्ञानिक प्रयास एवं शोध परिणाम जन-जन तक पहुंचें।

2. इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर **10-11 जनवरी 2025** को **"सतत् विकास के लिए विज्ञान/Science for Sustainable Development"** विषय पर डीआरडीओ मुख्यालय अपनी हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला **अनुसंधान केन्द्र इमारत (आरसीआई), हैदराबाद** में एक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में केवल रक्षा विज्ञान ही नहीं बल्कि विज्ञान के कई अन्य पक्षों पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिसमें आपके **संगठन/विश्वविद्यालय/कार्यालय** से सक्रिय प्रतिभागिता की अपेक्षा है ताकि हमारा प्रयास सफलता की सभी संभावनाओं के चरम पर पहुंचे।

3. सम्मेलन से जुड़ी सभी जानकारी संलग्न विवरणिका में दी गई है।

चन्द्र प्रकाश मीणा

**(चन्द्र प्रकाश मीणा)**
**अपर निदेशक**

Tele : (O) 011-23007911 • Fax : 011-23011133 • E-mail : cpmeena.hqr@gov.in